प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.06.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्नाव में 570 करोड़ रुपये की 101 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– विरासत की रक्षा के साथ विकास यात्रा को गति दे रही है डबल इंजन सरकार।
2. मुख्यमंत्री ने कानपुर में प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला को किया संबोधित : कहा– किसानों की आय बढ़ाना है सरकार की प्राथमिकता।
3. ब्रिक्स एमएसएमई फोरम और एसएमई वर्किंग ग्रुप की बैठक कल आगरा में होगी आयोजित : चीन, रूस और ब्राजील समेत 21 देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल।

और

4. प्रदेश में बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए संभव अभियान का छठा चरण शुरू : बाल विकास और पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने आंगनबाड़ी केन्द्रों को मजबूती से चलाने पर दिया जोर।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उन्नाव में 570 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 101 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। ग्राम पंचायत डीह के हिंदु खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम का

संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार विरासत की रक्षा के साथ–साथ विकास यात्रा को निरंतर गति प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध है। श्री योगी ने कहा कि आज उन्नाव की कनेक्टिविटी फोरलेन की हो गई है। उन्होंने कहा कि लखनऊ से उन्नाव होते हुए कानपुर तक रैपिड रेल चलाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जिससे आसपास के जिलों को बेहतर आवागमन सुलभ होगा। बाइट.....

*अब लखनऊ में विकास जो भी होगा, वह लखनऊ तक सीमित नहीं होगा। वह सीधे उन्नाव होते हुए कानपुर तक जाएगा और इसके लिए जैसे दिल्ली के अंदर आप देखते होंगे दिल्ली से देश की पहली रैपिड रेल दिल्ली से मेरठ तक पहुंच गई है। एक प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं लखनऊ से। हम उन्नाव होते हुए कानपुर तक रैपिड रेल के एक नए प्रस्ताव को लेकर के भी चल रहे हैं। एक रिंग रोड बनेगा पूरा चारों ओर। लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, सीता ताराबंकी, रायबरेली यह सब जिले आपस में जुड़ेंगे।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्राकृतिक खेती कृषि को अधिक लाभकारी और पर्यावरण के अनुकूल बनाने का सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री आज कानपुर में चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्राकृतिक खेती पर आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। श्री योगी ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिये उन्हें सभी सुविधाएं दे रही है। किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम स

मिलने वाली फर्टिलाइजर पर सरकार सब्सिडी दे रही है।

बाइट.....

*प्रधानमंत्री कृषक बीमा योजना के माध्यम से उन अन्नदाता किसानों को फसल की गारंटी की सुरक्षा मिली। आपदा में गारंटी की सुरक्षा मिली। पहली बार प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई की गारंटी मिली। पहली बार अन्नदाता किसान के लिए प्रोक्योरमेंट के सेंटर स्थापित हुए और पहली बार अन्नदाता किसानों के लिए किसान सम्मान मिले। की घोषणा यानी एक एक कड़ी को जोड़ते गए आपको जो फर्टिलाइजर कॉपरेटिव सोसाइटी में मिलती है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उस बैग की कीमत होती है ₹4,000। यहां पर यूरिया का दाम आपको मिलता है। उसका एक चौथाई से भी कम है। ये सारी सब्सिडी भारत सरकार भरती है।*

————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत 2 हजार चार सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री लाभार्थियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। इस योजना का उद्‌देश्य रोजगार सृजन में तेजी लाना, रोजगार क्षमता बढ़ाना और सभी सेक्टरों में सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करना है।

प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश मं लखनऊ, ग्रेटर नोएडा, वाराणसी, मेरठ सहित 17 जिलों मे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के श्रम एवं सेवा योजन मंत्री अनिल राजभर और आगरा में केन्द्रीय राज्यमंत्री एस.पी. सिंह बघेल शामिल होंगे।

———————————

आगरा में कल भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा पहले ब्रिक्स एमएसएमई फोरम और तीसरी एसएमई वर्किंग ग्रुप की बैठक होगी। इस कार्यक्रम की थीम– 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' रखी गई हैं। ब्रिक्स फोरम की बैठक में ब्राजील, चीन, मिस्र, रूस,दक्षिण अफ्रीका और भारत सहित ब्रिक्स देशों और सहयोगी देशों के नीति निर्माता, उद्योगपति और उद्यमी हिस्सा लेंगे। एक रिपोर्ट.....

*बैठक में एमएसएमई के लिए वित्त और तकनीक तक पहुंच, सतत विकास तथा वैश्विक सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। ब्रिक्स एसएमई फोरम से ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने और एमएसएमई के विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए एक सहयोगात्मक वातावरण विकसित करने की उम्मीद है। यह फोरम सहभागी देशों के ज्ञान का आदान प्रदान करने और उभरते अवसरों की पहचान करने और समावेशी एवं सतत आर्थिक विकास में योगदान देने वाली साझेदारियां बनाने का अवसर भी प्रदान करेगा। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

———————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि योग भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत में बहुत मजबूती से समाया हुआ है और देश की सीमाओं को पार चुका है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रतापराव के एक लेख को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कैसे प्राचीन ग्रंथों से लेकर वैश्विक मान्यता तक योग ने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत में अपनी जड़े जमाये रखते हुए सीमाओं को पार किया है। इसी क्रम में एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास और विरासत के समन्वय का एक नया प्रतिमान स्थापित किया है। इसी क्रम में केन्द्रीय सहकारिता मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और प्रदेश के राज्यमंत्री डॉ0 शैलेन्द्र तोमर ने मेरठ मं वृक्षारोपण किया और स्वच्छता अभियान में शामिल हुए।

आगरा में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क स्वच्छता के सन्देश के बाद समाज की सहभागिता जुड़ने से परिदृश्य बदला है। बाइट....

-

*माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा जब स्वच्छता का संदेश दिया गया था तो उसमें पूरे समाज की भागीदारी जोड़ने का आह्वान किया गया*

*था और उनके आह्वान के पश्चात आज हम देखते हैं कि उसके पूर्व रेलवे स्टेशनों का जो परिदर्शक हुआ करता था, प्लेटफार्म गंदगी से भरे पड़े रहते थे। लेकिन जब माननीय पंत प्रधान जी के द्वारा आह्वान किया गया, समाज की सहभागिता इसमें जुड़ी। आज रेलवे स्टेशनों का दृश्य बदला हुआ दिखाई देता है।*

———————————

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सिद्धांतों पर भारत में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आकाशवाणी समाचार, इस अवसर पर विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज बात नक्सलवाद के उन्मूलन और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास के लिए सरकार के महत्वपूर्ण प्रयासों की।....**

*नरेन्द्र मोदी सरकार की सुरक्षा अभियान, नक्सलियों की फंडिंग पर रोक और प्रभावित इलाकों में तेज विकास कार्यों की संयुक्त रणनीति के चलते देश को नक्सलवाद और माओवादी आतंक से मुक्त करने में सफलता मिली है। पिछले कुछ वर्षों में कई बड़े सुरक्षा अभियानों ने माओवादी नेटवर्क को कमजोर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन अभियानों के परिणाम भी स्पष्ट रूप से दिखाई दिए हैं। वर्ष 2024 में 217 माओवादी मारे गए, जबकि 2025 में यह संख्या बढ़कर 256 हो गई। इस दौरान कई बड़े नक्सली नेताओं का भी खात्मा हुआ। नक्सलियो की फंडिंग रोकने में राष्ट्रीय जाँच एजेंसी एन.आई.ए. ने भी अहम भूमिका निभाई, इससे नक्सली सगंठनो के संसाधनो और गतिविधियों पर बड़ा असर पड़ा। आज नक्सल मुक्त भारत की कहानी लोकतन्त्र, विकास और संविधान की ताकत की जीत का प्रतीक मानी जा रही है, जिसने दशकों से चली आ रही हिंसा पर विजय प्राप्त की है। अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————

बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिये संभव अभियान के छठवें चरण की शुरुआत आज लखनऊ में प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास और पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने किया। इस अवसर पर पोषण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के विभिन्न जनपदों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना चाहते है इसके लिए देश के बच्चों का पोषित होना बहुत ज़रूरी है। उन्होंने बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिये आंगनबाड़ी केन्द्रों को और मजबूती के साथ चलाने की आवश्यकता बताई।

(समाप्त)